नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 05.02.2021

- नगर आयुक्त महोदय निर्देशानुसार आज दिनांक 03.02.2021 से 05.2.2021 तक नगर निगम क्षेत्र में चौरी–चौरा शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में दिनांक 05.02.2021 को विशेष सफाई अभियान चलाया गया।
- नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 05.02.2021 को मिश्रीपुर तराई स्थित कान्हा गौशाला का किया गया निरीक्षण।

1. नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र में चौरी–चौरा शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में आज दिनांक 05.02.2021 को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। विशेष सफाई अभियान के अन्तर्गत नगर के सफाई जोन 01 में मो0 निसरजई जलालनगर जोन 02 मो0 कटिया टोला, जोन 03 बाबूजई,जोन 04 मो0 महमानशाह एवं जोन 05 के मो0 अहमदपुर में विशेष अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सभी शहीद स्मारकों एवं अन्य महानुभावो की प्रतिमाओ की साफ–सफाई/ रंगाई–पुताई/मरम्मत करायी गई। जिन शहीद स्मारको में शहीदों की नाम पट्टिकायें स्पष्ट नही हो रही या धूमिल हो गई है उनके नाम की नई पट्टिका अंकित कराते हुये शहीद स्मारकों पर लगवायी गई। इसके अतिरिक्त शहीद स्मारकों से सम्बधित संकेत पट्टिका को भी नये सिरे से ठीक करवाया गया तथा शहीद स्मारकों पर विशेष रूप से लाईटिंग की व्यवस्था की गई एवं उनको सुसज्जित किया गया विशेष सफाई अभियान के दौरान 05 सफाई जोनो में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सफाई एवं खाद्य निरीक्षक की देख रेख में नगर निगम स्तर पर विशेष कार्य दल गठित किया गया, इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र की मलिन वस्तियों,गारवेज वल्नरेवल स्थलो एवं खाली प्लाटों आदि की विशेष अभियान चलाकर सफाई कराई गई। सफाई अभियान नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में संचालित किया गया। समस्त सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयो की समुचित सफाई एवं रख–रखाव सुनिश्चित कराई गई। नगर आयुक्त महोदय द्वारा शहीद स्मारक स्थलों के साथ–साथ भीड़–भाड़ वाले स्थलो एवं प्रमुख बाजारो तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सेनेटाइजेशन अभियान चलाते हुये विसंक्रमण की कार्यवाही सुनिश्चित किया गया एवं स्वच्छता तथा साफ–सफाई हेतु आमजन के मध्य जागरूकता का प्रचार–प्रसार किया गया।
2. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 05.02.2021 को मिश्रीपुर तराई स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने गौशाला में साफ–सफाई, पेयजल, एवं प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। जिसमें गायो के लिए हरा चारा,भूसा पर्याप्त मात्रा मे पाया गया नगर आयुक्त महोदय द्वारा गौशाला में पानी की सुचारू रूप से निकासी हेतु यथोचित व्यवस्था किये जाने हेतु सहायक अभियन्ता (जल) पी0सिंह सिंह एवं अवर अभियन्ता (जल) श्री सूरज प्रजापति को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त कान्हा गौशाला एवं नंदीशाला में वर्मी कम्पोस्ट से खाद् बनाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ सहायक अभियन्ता (जल) श्री पी0के0सिंह, अवर अभियन्ता (जल) श्री सूरज प्रजापति उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।